# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)
Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1709 / प्रवेश / MSU / 2022–23 दिनांक : 20.10.2022

## प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित समस्त स्नातकोत्तर (PG) पाठयक्रमों (बी0पीएड0 व एम0पी0एड0 को छोडकर) में सत्र 2022–23 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण पुनः दिनांक 20.10.2022 से 26.10.2022 तक होगें, ताकि वंचित छात्र पंजीकरण करा सकें। समस्त पुराने व नये पंजीकृत किन्तु अप्रवेशित अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आई0डी0 से दिनांक 31.10.2022 व 01.11.2022 को ब्लैंक आफर लेटर (Blank offer letter) डाउनलोड करके उसमें अपनी इच्छा से कोई भी महाविद्यालय (जहॉ सीटें रिक्त हो) व कोर्स (जिसके लिए अभ्यर्थी अर्ह हों) भरकर महाविद्यालय में दिनांक 31.10.2022 व 01.11.2022 को जमा करेगें तथा अभ्यर्थी प्रति (Student Copy) प्राप्त करेगें। महाविद्यालय / संस्थानों में जमा किये गये ब्लैंक ऑफर लेटर से रिक्त सीटों के सापेक्ष आरक्षण नियमानुसार महाविद्यालय / संस्थान दिनांक 02.11.2022 को वरीयता सूची बनाकर दिनांक 03.11.2022 व 04.11.2022 को प्रवेश करेगें। सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान दिनांक 04.11.2022 तक प्रवेश पोर्टल पर अभ्यर्थियों का प्रवेश सम्पुष्ट (कन्फर्म) अवश्य कर लें। प्रवेश का यह अन्तिम अवसर होगा। इसके उपरान्त कोई अवसर नहीं दिया जायेगा। महाविद्यालय / संस्थान बची हुई समस्त आरक्षित वर्ग की सीटों को भी दिनांक 04.11.2022 को नियमानुसार भरना सुनिश्चित करें।

20.10.2022

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक
मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
एवं
प्राचार्य, चौ0 छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
मुजफ्फरनगर।

**प्रतिलिपि** :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक , मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्व महाविद्यालयों / संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को इस आशय से कि वे छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने हेतु।
6. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

20.10.2022

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक